तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 31 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जर्जर ग्रामीणों को हो रही परेशानी
4



## खबर संक्षेप

### उद्यानिकी फसलों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि आज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ मौसम 2026-27 के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। योजना के तहत जिले के उद्यानिकी किसानों को टमाटर, बैंगन, मिर्च, अदरक, केला, पपीता एवं अमरूद जैसी बागवानी फसलों के लिए प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान की जाएगी। किसानों के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। सहायक संचालक उद्यान श्रीमती रंजना मखीजा ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिए अऋणी किसानों को स्वयं आवेदन करना होगा। किसान अपने नजदीकी सीएससी, अधिकृत बैंक शाखा अथवा मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा अंतर्गत ग्राम पंचायत करमंदा के आंगनबाड़ी केन्द्र करमंदा 59 में सहायिका पद हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा ने बताया कि उक्त पद पर भर्ती हेतु 21 अगस्त तक ऑनलाईन लिंक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना बलौदा से संपर्क किया जा सकता है।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आज तक

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 28 नवम्बर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि वे विद्यार्थी, जो शैक्षणिक सत्र 2026-27 में जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई 2025 से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं, और जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच है, वे नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए आवेदन आज

**सक्ती।** आगामी 3 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

उप संचालक, समाज कल्याण कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु नामांकन एवं आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों में ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन एवं आवेदन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। समाज कल्याण विभाग ने दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले पात्र व्यक्तियों एवं संस्थाओं से निर्धारित समयावधि में आवेदन करने की अपील की है। साथ ही संबंधित विभागों एवं स्वेच्छिक संस्थाओं को भी आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए नामांकन एवं आवेदन की प्रक्रिया 15 मई से प्रारंभ हो चुकी है। आवेदन करने की अंतिम तिथि शुक्रवार 31 जुलाई है।



लगातार हो रही बारिश के बाद महानदी का जल स्तर उफान पर आ चुका है। गुरूवार की शाम नदी का पानी शबरी सेतु को छूने लगा। पानी का बहाव लगातार बढते क्रम पर है।

### शिवरीनारायण में नदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब, छोटे नाले आए उफान पर, सारंगढ़-गिधौरी मार्ग अवरूद्ध

# बौराई महानदी, मंडराया बाढ़ का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

लगातार बारिश के साथ ऊपरी इलाकों से भी पानी आने से महानदी का जल स्तर खतरे के निशान के करीब जा पहुंचा है। शिवरीनारायण गिधौरी शबरी सेतु तक नदी का बहाव पहुंचने लगा है। इसके साथ ही छोटे नाले उफान पर आ गए है। महानदी के बढ़ते जल स्तर को देखते हुए शिवरीनारायण समेत तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में पुलिस एवं प्रशासन की पूरी टीम अलर्ट हो गई है। सरकारी अमला नदी के जल स्तर पर नजरें जमाए हुए है।

लगातार हो रही बारिश के कारण महानदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले नदी का जल स्तर जहां शबरी सेतु से 10-15 फीट नीचे था, वह बुधवार 29 जुलाई की शाम तक 7 फीट तक आ गया। वहीं बीते 24 घंटों में नदी के जल स्तर में और भी तेजी से बढोतरी हुई है। गुरूवार 30 जुलाई की सुबह से शाम तक नदी का जल स्तर बढते क्रम में रहा। शाम होते तक नदी का बहाव शबरी सेतु के करीब पहुंच गया। इसके साथ ही महानदी के सहयोगी छोटे नाले भी उफान पर आ गए है। महानदी के बढते जल स्तर और शिवरीनारायण समेत तटीय इलाकों में संभावित बाढ़ के खतरे को भांपते हुए पुलिस के साथ प्रशाासनिक अमला और गोताखोरों की टीम अलर्ट मोड़ पर आ गई है। टेंपल सिटी शिवरीनारायण में प्रशासन ने एहतियात के तौर पर स्कूली बच्चों की समय से पहले छुट्टी करा दी। बढ़ते जलस्तर को देखते हुए शासन-प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है और स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। महानदी पुल पर आवागमन धीमी गति से जारी है। सामान्य दिनों में शिवरीनारायण के लोगों के लिए पुल पार करना रोजमर्रा की बात होती है, लेकिन नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण आम लोगों में चिंता का माहौल है। सुरक्षा की दृष्टि से पुल के दोनों ओर पुलिस एवं प्रशासनिक अमले की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। वहीं सारंगढ़ मार्ग पर जलभराव होने के कारण आवागमन प्रभावित होकर बंद हो गया है। प्रशासन लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने और सावधानी बरतने की अपील कर रहा है। फिलहाल शिवरीनारायण नगर में किसी प्रकार के बड़े खतरे की आधिकारिक घोषणा या मुनादी नहीं की गई है। प्रशासन लगातार जलस्तर की निगरानी कर रहा है और परिस्थितियों के अनुसार आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। यदि जलस्तर में और वृद्धि होती है तो सुरक्षा के मद्देनजर अतिरिक्त एहतियाती उपाय किए जा सकते हैं।



नदी के रौद्र रूप को देखते हुए पुल के पास तैनात सुरक्षा बल।

### टीम अलर्ट मोड पर

महानदी पर बढ़ते जल स्तर को देखते हुए पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम अलर्ट मोड पर है। टीम को हर स्थिति से निपटने सतर्क रहने कहा गया है। साथ ही तटीय इलाकों में रहने वाले लोगों को सावधानी बरतने निर्देशित किया है।

-भावना साहू,
एसडीएम, शिवरानारायण

## नहर किनारे जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पनारी नहर पुल के पास जुआ खेल रहे 5 जुआरियों को पुलिस ने धर दबोचा। उसके कब्जे से 10 हजार नगदी समेत 5 मोबाइल को जब्त किया है। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सक्ती प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले में अवैध जुआ, सट्टा एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) सक्ती डॉ. भुनेश्वरी पैकरा के मार्गदर्शन में थाना सक्ती पुलिस द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 5 आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। थाना सक्ती पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पनारी नहर पुल के पास आम रोड पर कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश के माध्यम से रुपए-पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम स्वतंत्र गवाहों के साथ तत्काल मौके पर पहुंची तथा घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। पुलिस को देखकर कुछ लोग मौके से भागने में सफल हो गए, जबकि 05 आरोपियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे एवं जुआ फड़ से नगदी, मोबाइल फोन तथा जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जप्त की गई। पुलिस ने पुरेन्हापारा निवासी विक्की बरेठ, उम्र 29 वर्ष, सिंधी कॉलोनी, चांपा निवासी धनाराम देवांगन, उम्र 39 वर्ष, सिवनी निवासी पुरुषोत्तम राठौर उम्र 47, चांपा के संजय नगर निवासी सत्यनारायण देवांगन उम्र 37 वर्ष एवं ग्राम सरवानी निवासी दुर्गेश सिदार उम्र 30 वर्ष पर जुआ प्रतिशेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।



जब्त सामान के साथ जुआरी।

### कच्ची महुआ शराब के साथ महिला आरोपी पकड़ी गई

**सक्ती।** पुलिस ने एक महिला के कब्जे से 16 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया है। मामले में आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन पर अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी है। इसी के तहत आबकारी वृत्त सक्ती की टीम ने मुखबिर की सूचना पर दबिश दी। ग्राम सकरेलीखुर्द थाना नगरदा निवासी पायल सुमन पति अजय सुमन उम्र 30 वर्ष के घर में दबिश दी। छापामार कार्रवाई के दौरान घर की परछी में 2-2 लीटर की 8 हरी बोतलों में भरी 16 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त किया। धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत गैर-जमानती प्रकरण के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## नशीली दवा खपाने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नशीली दवा खपाने वाले गिरोह का भंडाफोड करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1140 नशीली टेलबेट, मोबाइल, स्कूटी व बाइक को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई सायबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई है।

- सायबर सेल व सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

मिली जानकारी के अनुसार जिले में एसपी विजय कुमार पाण्डेय द्वारा अवैध मादक पदार्थ की अवैध बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने निर्देश दिये गये थे। पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति चर्च मैदान में अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 11 एची 5800 में अवैध नशीला टैबलेट रखकर ग्राहकों को बेच रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराते हुये टीम मौके पर पहुची जो एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर भागने के फिराक में था जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम अमित चतुर्वेदी निवासी बीटीआई चौक बताया। जिसके कब्जे से अवैध नशीली टेबलेट कुल 650 नग मिला तथा घटना में प्रयुक्त मोबाइल, स्कूटी को जप्त किया गया तथा नशीली पदार्थो के संबंध में पूछताछ करने पर धाराशिव के रुपेश गिरी गोस्वामी जांजगीर से लेना बताने पर तत्काल पुलिस टीम के द्वारा छापामार कार्रवाई की। जिसके कब्जे से कुल 490 नग नशीली टेबलेट, घटना में प्रयुक्त मोबाइल एवं मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 11 एआर 9727 को जप्त किया गया। इस तरह पुलिस टीम के द्वारा दोनो आरोपियो के कब्जे से अवैध नशीली टेबलेट कुल 1140 नग घटना में प्रयुक्त 2 नग मोबाइल, 1 स्कूटी, 1 मोटरसाइकिल कीमती 1 लाख 63 हजार रुपए को जप्त किया गया। दोनो आरोपियो को धारा 21(सी), 29 एनडीएपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड भेजा गया।



## शनि मंदिर में चोरी का खुलासा, दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**सक्ती।** गणेशबंध तालाब स्थित शनि मंदिर में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद कर जब्त कर लिया है।

सक्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गणेशबंध तालाब स्थित शनि मंदिर के पुजारी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 27 जुलाई की सुबह मंदिर खोलने पर सीसीटीवी मॉनिटर, कांसे की थालियां, दानपात्र में रखे सिक्के, नगद राशि और पूजा सामग्री सहित करीब 8 हजार का सामान चोरी हो गया था। जांच में पता चला कि चोर मंदिर के हवनकुंड के ऊपर धुआं निकलने के लिए बनी खिड़की का टीन हटाकर अंदर घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। अरमान खान उर्फ छोटू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस ने बुधवारी बाजार निवासी अरमान खान व डभरा थाना अंतर्गत ग्राम कांसा निवासी दिलीप कुमार यादव को भी गिरफ्तार किया गया।

## हनुमान मंदिर में चोरी का प्रयास ग्रामीणों ने युवक को पकड़ा रंगे हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा

कटौद के हनुमान मंदिर में चोरी का प्रयास करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़कर जमकर मारपीट की है। मामला नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम कटौद का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कटौद के संगम चौक टिकरीपारा स्थित हनुमान मंदिर में गुरुवार 30 जुलाई की दोपहर का है। जानकारी के अनुसार संगम चौक टिकरीपारा में स्थापित हनुमान मंदिर क्षेत्र के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते हैं तथा नियमित रूप से भजन-कीर्तन एवं धार्मिक आयोजन होते रहते हैं। ऐसे पवित्र स्थल पर दिनदहाड़े हुई चोरी की कोशिश से ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोपहर लगभग 2 बजे एक युवक मंदिर में काफी देर तक बैठा रहा। ग्रामीणों ने उससे पूछताछ शुरू की। इसी दौरान ग्रामीणों की नजर भगवान हनुमान की प्रतिमा पर पड़ी,जहां प्रतिमा के चांदी के नैन गायब दिखाई दिए।इसके बाद ग्रामीणों ने युवक की बारीकी से जांच की तो उसके पास से कथित रूप से पांच जोड़ी चांदी के नैन बरामद होने की बात सामने आई। ग्रामीणों का आरोप है कि युवक चोरी की घटना को अंजाम देकर वहां से भागने की फिराक में था, लेकिन समय रहते उसे पकड़ लिया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।सूत्रों के अनुसार पकड़े गए युवक की पहचान केरा निवासी भागवत साहू 35 वर्ष के रूप में बताई जा रही है। घटना की जानकारी फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मंदिर परिसर में एकत्र हो गए। इस दौरान लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला।



मंदिर के पास बैठा आरोपी।

### 2- 2 हजार रुपए का जुर्माना लेकर अभिभावकों को लगाई फटकार

## यातायात पुलिस ने चलाया अभियान, 16 नाबालिगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

यातायात पुलिस ने जांजगीर एवं चांपा शहर के स्कूल, चौक चौराहों में अभियान चलाकर 16 नाबालिगों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के तहत चालकों से 2-2 हजार रुपए का संमन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही साथ अभिभावकों को फटकार भी लगाई।

ज्ञात हो कि गुरूवार 30 जुलाई को यातायात पुलिस द्वारा जांजगीर के स्कूलों, चौक चौराहों पर दबिश दी गई। इस दौरान 16 नाबालिग चालकों पर कार्रवाई करते हुए उनसे करीब 32 हजार रुपए वसूल किया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क सुरक्षा को मद्देनजर रखते, उचित बचाव के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी पालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। अभियान के दौरान शहर के विभिन्न स्कूलों के आसपास तथा प्रमुख चौक- चौराहों पर सघन जांच की गई, जिसमें एक ही दिवस में 16 नाबालिग वाहन चालक वाहन चलाते हुए पाए गए। यातायात पुलिस द्वारा सभी नाबालिग वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रत्येक प्रकरण में 2-2 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। साथ ही उनके परिजनों को समझाइश दी गई कि वे अपने नाबालिग बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन चलाने की अनुमति न दें। एएसपी यातायात उदयन बेहार ने बताया कि नाबालिगों द्वारा वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि उनके स्वयं के जीवन एवं अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। ऐसे मामलों में भविष्य में भी लगातार अभियान चलाकर सख्त कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस का कहना है कि अभिभावक अपने नाबालिक बच्चों को किसी भी प्रकार का वाहन चलाने के लिए न दें। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें तथा हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने सहित अन्य जानकारियां दी गई।




कार्रवाई के दौरान जब्त बाइक।

## खबर संक्षेप

### छात्राओं को शिक्षा की राह हुई आसान, मिली साइकिल



**बम्हनीडीह।** शासकीय हाई स्कूल ग्राम करनौद में गुरुवार को छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत पात्र विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित की गईं, जिससे दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय पहुंचने में सुविधा मिलेगी । कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा को जीवन की सबसे बड़ी शक्ति बताया तथा नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य मोहन कुमारी साहू सरपंच प्रतिनिधि शैलेंद्र डड़सेना, गन्नू डड़सेना, दुर्गा डड़सेना, राजेश्वरी कुंभकार, जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष पुष्पा देवांगन, प्राचार्य शिव पटेल, शिक्षक ओमकार सिंह पैकरा, संजय कुर्रे, मल्लिका विश्वास एवं देव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को साइकिलें वितरित कर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया तथा शासन की इस योजना को शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। साइकिल मिलने के बाद छात्र-छात्राओं के चेहरे पर खुशी साफ दिखाई दी। विद्यार्थियों ने शासन एवं विद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं और विश्वास जताया गया कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सपनों को नई उड़ान देने में सहायक सिद्ध होगी।

### राजनीति शास्त्र विषय पर मनीष को प्रदान की गई पीएचडी की मानद उपाधि



**सक्ती।** कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा मनीष चन्द्रा को राजनीति शास्त्र विषय में पीएचडी की मानद उपाधि प्रदान की गई। शोध प्रबंध का शीर्षक डिजिटल युग में भारतीय चुनावी राजनीति सोशल मिडिया और मतदाता व्यवहार का विश्लेषण रहा। वे कालिंदी देवी तिलकराम चंद्र महाविद्यालय सलनी के संचालक है। सक्ती जिले के भोथीया तहसील से ग्राम सलनी में आशुतोष चन्द्रा ग्राम देवी चंडी शिक्षण संस्था सलनी के अध्यक्ष एवं चन्द्रनाहु चन्द्रा समाज छत्तीसगढ़ के केन्द्रीय अध्यक्ष के पुत्र हैं।


अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम पोंडी दल्हा में गुरु पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया गुरु दर्शन, 1835 लोगों ने लिया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ

# गुरु कृपा से असंभव भी हो जाता है संभव : कापालिक बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आषाढ़ पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम, पोंडी दल्हा में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति, सेवा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच भव्य रूप से मनाया गया। औघड़ पीर पर्व के रूप में आयोजित इस महोत्सव में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से हजारों श्रद्धालु पहुंचे और गुरु दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर आश्रम परिसर में भक्ति, सेवा, सत्संग, श्रमदान, सामाजिक सरोकार एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः प्रभात फेरी, आश्रम परिसर की साफ-सफाई एवं श्रमदान से हुआ। इसके पश्चात ध्वजारोहण एवं सफलयोनि पाठ संपन्न हुआ।

पूर्वाह्न में अघोर पीठ जन सेवा अभेद आश्रम के अध्यक्ष बाबा कापालिक धर्म रक्षित राम अपने आसन पर विराजमान हुए, जिसके बाद गुरु दर्शन एवं पूजन का क्रम देर शाम तक चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं ने गुरु चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। देर रात तक महाप्रसाद वितरण का क्रम जारी रहा। सायंकाल आयोजित युवा एवं महिला गोष्ठी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए बाबा कापालिक धर्म रक्षित राम ने कहा कि



गुरु के चरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त करते श्रद्धालु।

मंदिर, मस्जिद और गिरजाघर श्रद्धा से शीश झुकाने के स्थान हैं, लेकिन यदि जीवन को सही दिशा, आत्मिक उन्नति और वास्तविक कल्याण कोई दे सकता है तो वह सद्गुरु ही हैं। संत-महात्मा अपने तप, त्याग और साधना का अंश देकर शिष्य के जीवन को संस्कारित करते हैं, उसे सही मार्ग दिखाते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु के बिना जीवन दिशाविहीन हो जाता है। गुरु की कृपा से ही मनुष्य अपने लक्ष्य तक पहुंचता है और असंभव भी संभव हो जाता है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। मीरा बाई का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण के प्रति उनका अद्भुत प्रेम और साक्षात्कार भी गुरु कृपा का ही परिणाम था। जब गुरु के प्रति अटूट श्रद्धा, विश्वास और समर्पण होता है, तब असंभव प्रतीत होने वाले कार्य भी सहज हो जाते हैं। इस अवसर पर पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश, जांजगीर विधायक व्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह, बलौदाबाजार विधायक इंद्र साव, भाजपा नेता दिनेश सिंह, अमर सुल्तानिया एवं मानेश जांगड़े सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने कापालिक बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में अघोर विद्या पीठ के वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले स्वयंसेवकों का भी सम्मान किया गया। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर आयोजित विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 1835 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर में एजी हॉस्पिटल, पत्थलगांव से डॉ. उमाकांत राठौर एवं डॉ. धनंजय निर्मलकर, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रज्ञा ताम्रकार एवं डॉ. प्रीतेश चंदेल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. लोकेन्द्र, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश, डॉ. मंजू तथा डॉ. दयामणि साहू ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। सभी चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया तथा निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। कार्यक्रम संचालन में आश्रम के स्वयंसेवकों, अघोर विद्या पीठ के विद्यार्थियों, आर.के. सिंह स्कूल के स्वयंसेवकों, सीएचसी अकलतरा के चिकित्सकों, कर्मचारियों, विद्युत विभाग, थाना अकलतरा तथा यातायात पुलिस का सहयोग रहा।

### प्राचीन शबरी मंदिर में भजन-कीर्तन हुआ आयोजन

**खरौद।** छत्तीसगढ़ की काशी एवं शबरी धाम खरौद में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर 29 जुलाई को नगर के महिला मंडलियों द्वारा संगीत मय भजन-कीर्तन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में माता शबरी की पूजा अर्चना की गई । तत्पश्चात माता शबरी से संबंधित एवं अन्य अनेक अनेक सुंदर भजन गाए गए। अध्यात्म परिषद के वरिष्ठ सदस्य धनसाय यादव ने कहा कि आज व्यास नारायण का जन्म दिवस है उसे गुरु पूर्णिमा के रूप में हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाता है। इन्होंने वेद को सरल भाषा में हमारे बीच प्रस्तुत किया, जिसे हम पढ़ सुनकर अपना जीवन सफल बनाते हैं ।



अध्यात्म परिषद के गुरु हेमलाल ने कहा कि गुरु के चार सिर नहीं है फिर भी वह ब्रह्मा है विष्णु के समान चार हाथ शेष शायी नहीं है फिर भी विष्णु है शिवजी के समान त्रिनेत्र नहीं है फिर भी वह शिव के समान है गुरु के बिना जीवन अंधकार मय रहता है। अध्यात्म परिषद के अध्यक्ष एवं शबरी पूर्णमासी भजन के संयोजक शिवरात्रि प्रसाद यादव ने कहा कि गुरु का होना प्रत्येक के जीवन में अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा गुरुओं का भी हमें सम्मान करना चाहिए एवं अपने बच्चों को भी ऐसा करने के लिए सीखाना चाहिए। कार्यक्रम में नीलम यादव पार्षद ,जानकी देवी यादव, सुमित्रा आदित्य, अनसूया आदित्य ,फगिनी आदित्य, गिरिजा आदित्य, छठ बाई आदित्य ,ढुलौरिनआदित्य, सविता शर्मा, छठ बाई यादव ,शांति श्रीवास, गौरी यादव, केवरा यादव, सोनकुवरआदित्य, वृंदा आदित्य ,चंद्रकांताशर्मा, रमा आदित्य , श्यामा यादव ,मंगली आदित्य, प्रेमीनआदित्य , त्रिवेणी आदित्य ,त्रिवेणी यादव, सरस्वती यादव, फगनीनोनिया, रामेश्वरी श्रीवास ,चमेली यादव, चंद्रकला नोनिया, मदालसा यादव, संगीता तंबोली, भगवती यादव, ललिता थवाईत, राजकुमारी नोनिया, सतरूपा यादव, पुष्पा आदित्य, त्रिवेनीयादव, जीवन बाई सोनी ,छठ बाई आदित्य ,गंगाबाई साहू ,भगवती साहू ,तीज मति यादव ,शांति नोनिया, सविता रात्रे, सूरत बाई आदित्य, मंटोरा आदित्य सहित नगरवासी उपस्थित रहे।

## जमानत पर रिहा हुए रवि, जेल में भी किया आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आदिवासी नेता रवि भगत को बीते दिनों शासन की ओर से छात्राओं को साइकिल वितरण के दौरान उक्त साइकिलों की गुणवत्ता पर सवालिया निशान उठाते हुए हंगामा करने और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। जहां से गुरूवार को वे जमानत पर बाहर आए। बता दें कि जेल भी वे छात्राओं को बेहतर गुणवत्ता वाले साइकिल उपलब्ध कराने और गुणवत्ताहीन साइकिल का वितरण करने के विरोध में आमरण अनशन पर थे। इस दौरान भी उन्होंने छात्राओं को गुणवत्ताहीन साइकिल के वितरण को रोकने तथा इसके के लिए दोषी अधिकारियों पर विधिवत कार्रवाई की मांग की थी। जेल से बाहर आने के बाद रवि भगत ने वर्तमान की बीजेपी सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस की सरकार राज्य की सत्ता में काबिज होने के दौरान उन्होंने कई मुद्दों को उठाया, कई बार विरोध प्रदर्शन भी किया, किंतु उस वक्त वे कभी जेल नहीं गए, लेकिन इन बार जब वे भाजपा से अलग हैं और छात्राओं के मुद्दों पर सवाल उठा रहे हैं तो उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बम्हनीडीह में 20 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के बस स्टैंड चौक के समीप 20 लाख की लागत से बनने वाले अटल परिसर भवन का वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ भूमि पूजन किया गया।

- **प्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में विधिवत हुआ शुभारंभ, विकास कार्यों को मिलेगी नई गति**

भूमि पूजन कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया,पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा, जिला महामंत्री मोहन कुमारी साहू, जिला उपाध्यक्ष भुवन भास्कर यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल जायसवाल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह राज, नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डड़सेना, के आतिथ्य में हुआ। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने केंद्रवा



अटल परिसर भवन का भूमि पूजन करते अतिथि।

राज्य सरकार की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि भाजपा की नगर सरकार बनने के बाद मेंबम्हनीडीह नगर भी विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है।जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया ने कहा कि भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक महान राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के युगपुरुष थे। उनके आदर्श, विचार और विकास की सोच सदैव हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेंगे। अटल जी हमारे हृदय में सदैव अटल रहेंगे और अटल परिसर उनकी दूरदर्शी सोच का जीवंत प्रतीक बनेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत चंद्रा ने कहा कि अटल परिसर का निर्माण नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होगा और इससे सामाजिक, सांस्कृतिक, प्रशासनिक एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रमों के लिए नगरवासियों को एक आधुनिक एवं सुव्यवस्थित भवन उपलब्ध होगा। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल जायसवाल ने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार आधारभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है और अटल परिसर का निर्माण उसी कड़ी की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस भवन में भविष्य में जनसुनवाई, प्रशिक्षण शिविर, सामाजिक बैठकें, सरकारी योजनाओं से जुड़े कार्यक्रम एवं विभिन्न सार्वजनिक आयोजन होंगे। मोहन कुमारी साहू ने कहा कि अटल परिसर सुशासन और विकास की सोच का प्रतीक है। नगर पंचायत अध्यक्ष रमेश डड़सेना ने सभी अतिथियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनसहभागिता से ही विकसित और सशक्त बम्हनीडीह का निर्माण संभव है। समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

### आंबा केंद्र का ताला तोड़कर चोरी, गैस सिलेंडर पार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र के ग्राम लिंजीर डीपापारा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर केंद्र से गैस चूल्हा, सिलेंडर, बर्तन, राशन सामग्री और महत्वपूर्ण सरकारी रजिस्टर सहित हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कनकलता प्रधान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 27 जुलाई को कार्यालयीन समय समाप्त होने के बाद दोपहर करीब 3:30 बजे केंद्र बंद कर सभी कर्मचारी और बच्चे अपने-अपने घर चले गए थे। अगले दिन 28 जुलाई की सुबह गांव के राजेश श्रीवास ने फोन कर सूचना दी कि केंद्र का चैनल गेट का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलने पर कनकलता प्रधान अन्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, गांव की पंच सफेद बाई साव, चमेली खड़िया, अंबिका प्रधान तथा सरपंच श्रुति सारथी के साथ मौके पर पहुंचीं।

## 47वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए स्व. राजेन्द्र कुमार



छात्र-छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण करते राघवेन्द्र कुमार सिंह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अंचल के जन नेता पूर्व विधायक स्वर्गीय राजेन्द्र कुमार सिंह की 47 वी पुण्यतिथि के अवसर पर गुरुवार 30 जुलाई को राजेन्द्र कुमार सिंह स्मृति आयोजन समिति अकलतरा एवं बनाहिल द्वारा ग्राम बनाहिल के शासकीय प्राथमिक शाला में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मंचस्थ अतिथियों द्वारा स्व. राजेन्द्र कुमार सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि दादाजी राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अकलतरा एवं बलौदा विकासखंड में खेतों में पानी पहुंचाने के लिए नहर का निर्माण कार्य करवाया गया था। पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नगर में इंदिरा उद्यान का निर्माण कार्य करवाने के साथ-साथ क्षेत्र के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सीसीआई सीमेंट संयंत्र की स्थापना में अपना विशेष योगदान दिया गया। कार्यक्रम को अशोक अग्रवाल, मणि शंकर गुरुद्वान,रघुवीर सिंह एवं शुशांत सिंह ने भी संबोधित किया। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बनाहिल को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। शाला में कक्षा पहली से पांचवी तक क्लास में प्रथम, द्वितीय एव तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने के साथ-साथ छात्र - छात्राओं को पाठ सामग्री का वितरण भी किया। कार्यक्रम में खुलन सोनवानी, रमाकांत सिंह,हरीश गोयल, रामगोपाल देवांगन,सुंदर लाल पटेल, नवनीत सिंह, अमित सिंह, हरे मुरारी सिंह, रामगोपाल रात्रे, मनोज यादव,सदन यादव, कन्हैया राठौर, संतोष सिंह बैस, धनराज सिंह चौहान, भविष्य चंद्राकर, महेश्वर टंडन, प्रतिपाल सिंह, अल्गुराम भैना सुरेंद्र सिंह, अमित सिंह बैस, मिनु साहू, पुष्पराज सिंह, राजेश जायसवाल, दिनेश मिरी, हर्षवर्धन सिंह,गगन गुरुद्वान, जय साहू,राज सिंह,चंद्र शेखर यादव, प्रकश उइके,शुभांकर सिंह, सौरभ सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, अभिजीत सोनवानी, अमित यादव, मुकेश कौशिक, अविनाश साहू एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में किया पौधरोपण

राजेन्द्र कुमार सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर नगर के लायंस डीएवी पब्लिक स्कूल में शुभा सिंह, विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह, लायंस शिक्षण समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा लायंस क्लब के सदस्यों द्वारा पौधारोपण करने के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया। कार्यक्रम में शुभा सिंह, गौरी सिंह चौहान, मदन मोहन सिंह, लायंस क्लब के अध्यक्ष गगन सिंघानिया, सचिव अनिमेष केडिया, कोषाध्यक्ष मुकेश केडिया , नरेश अग्रवाल, नरेश केड़िया, नानक चंद्र अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, शिक्षिका सीमा देवनाथ, अरुणा शर्मा, वर्षा चावड़ा, सुरेंद्र यादव, गुडेन्द्र कुमार एवं स्कूल के स्टॉफ उपस्थित थे।

## ज्ञानदीप स्कूल के विद्यार्थियों को मछली पालन की आधुनिक तकनीक से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ज्ञानदीप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कृषि संकाय के विद्यार्थियों को उनके विषय शिक्षक देव कश्यप द्वारा स्थानीय मछली पालन केंद्र का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यवहारिक कृषि शिक्षा से जोड़ना था।

प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों का मत्स्य पालन की आधुनिक तकनीकी ज्ञान तालाब प्रबंधन मछलियों के विभिन्न प्रजाति भी संचयन संतुलित आहार जल गुणवत्ता प्रबंधन तथा मत्स्य उत्पादन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी मत्स्य संचालक प्रमुख डॉक्टर श्री अहिरवार द्वारा दिया गया। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में उत्साह पूर्वक भाग लेते हुए



व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल पुस्तक आधारित शिक्षा में सीमित न रख कर रोजगार मुख एवं कौशल आधारित व्यवहारिक शिक्षा उपलब्ध कराना है। संस्था प्राचार्य डॉ अखिलेश कटकवार ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के ज्ञान कौशल तथा आत्मनिर्भर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी उद्देश्य से यह भ्रमण कराया जाता रहा है।

**समक्ष श्रीमान् अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय अकलतरा/ नोटरी जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

प्रारूप (तीन)

शपथपत्र (नाबालिक पुत्र / पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं अरविन्द कुमार साहू उम्र-41 वर्ष, पिता समेलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम तागा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा छत्तीसगढ़ एतद् द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूँ तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ :- 01. यह कि मैं ग्राम तागा तहसील अकलतरा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. का स्थायी निवासी हूँ। 02. यह कि मैं अपने नाबालिक पुत्री का नाम मायरा साहू पिता अरविन्द कुमार साहू (पुराना नाम) से बदलकर मान्या साहू पिता अरविन्द कुमार साहू (नया नाम) करवाना चाहता हूँ। 03. यह कि मैं अपने पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता हूँ, तो उसके लिये मैं पूर्णतः स्वयं जम्मेदार रहूंगा। 04. यह कि मेरी पत्नि फूल बाई पति अरविन्द कुमार साहू को हमारे नाबालिक पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है। 05. यह कि यह शपथपत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

**अरविन्द कुमार साहू- शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं अरविन्द कुमार साहू उम्र 41 वर्ष, पिता समेलाल साहू, शपथकर्ता, सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 05 तक की लिखी समस्त बातें मेरी स्वतः कि जानकारी व विश्वास में सत्य व सही है। जिसे पढ़ व समझकर सहीं होना पाकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया। स्थान-अकलतरा

दिनांक :

**सत्यापनकर्ता- अरविन्द कुमार साहू**

**समक्ष श्रीमान् नोटरी महोदय पामगढ़, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं जगदेव कुमार साव उम्र 51 वर्ष पिता धनाराम जाति साहू साकिन भदरा थाना व तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चाम्पा का निवासी हूँ जो कि निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ :- 01. यह कि मेरे नाम पर आधार कार्ड क्रमांक 8229 6141 7636 है जिसमे मेरा नाम पर जगदेव प्रसाद साव दर्ज है। 02. यह कि मेरी पुत्री नीलम कुमारी, पुत्र तिलेश्वर, गणेश के शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र में पिता का नाम जगदेव कुमार साव दर्ज हैं। 03. यह कि मुझे जगदेव प्रसाद साव एवं जगदेव कुमार साव दोनो नाम से जाना एवं पहचाना जाता है तथा दोनो नाम से पृथक-पृथक व्यक्ति नहीं है, इसलिए मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम जगदेव प्रसाद साव के स्थान पर जगदेव कुमार साव सुधार किया जाना है। जिसके संबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता - जगदेव**

**सत्यापन**

मैं जगदेव कुमार यह सत्यापित करता हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 03 तक में लिखी गयी समस्त बातें मेरी जानकारी में सत्य एवं सही होने से आज, दिनांक 29.07.2026 को पामगढ़ हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्त- जगदेव**


TOP IN JANJGIR

GURUKRIPA COLLEGE — ADMISSION GUIDENS 2026-27 — SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

छत्तीसगढ़ शासन में VTP पंजीयन क्रमांक 223793647P003
प्रवेश प्रारंभ
पैरामेडिकल एवं नर्सिंग कोर्स
विगत 10 वर्षों से संचालित जॉजगीर चांपा जिले का एकमात्र संस्था
(NSDC/SDMS C.N. 69240)
नि-शुल्क पाठ्यक्रम (Free Courses): जनरल ड्यूटी असिस्टेंट होम हेल्थ एड
100% नौकरी में सहयोगी पाठ्यक्रम / योग्यता 10वीं एवं 12वीं / हॉस्टल सुविधा उपलब्ध
अस्पतालों या पैथोलैब मे कार्यरत विद्यार्थियों के लिए पत्राचार एवं साप्ताहिक सुविधा उपलब्ध
कोर्सेस
- DMLT - डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन
- MPW - पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टी पर्पस हेल्थ वर्कर
- EMT - पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन
- OT - टेक्नीशियन
पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फिजिशियनअसिस्टेंट
- X-RAY टेक्नीशियन
आकाश एजुकेशनल एकेडमी पताः रजनीश बुक डिपो के सामने, तिवारी कॉम्प्लेक्स, केरा रोड जॉजगीर मो. 8770638375, 9399743304



DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605




BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989





एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध



# दुनिया भर में आज रिलीज होगा रामायण का ट्रेलर...

**मुंबई।** 'रामायण' का ट्रेलर 30 जुलाई को भारतीय समय के अनुसार सुबह 4 बजकर 15 मिनट पर रिलीज किया जाएगा। खबर यह भी है कि आज रिलीज हो रही हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडरमैनः ब्रांड न्यू डे' के साथ 'रामायण' का ट्रेलर अटैच रहेगा। इससे पहले ट्रेलर 24 जुलाई को रिलीज होने वाला था। हालांकि, बाद में मेकर्स ने इसे टाल दिया। 'रामायण' के निर्माता नमित मल्होत्रा ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के ट्रेलर के रिलीज होने की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा 'शुभ ब्रह्म मुहूर्त में, हम 30 जुलाई , गुरुवार को सुबह 4:15 बजे दुनिया भर में अपने ट्रेलर के साथ रामायण के आगमन का स्वागत करते हैं।'

लाइफ Style


# काजल

## असिस्टेंट डायरेक्टर ने की शर्मनाक हरकत

एजेंसी ⏭ मुंबई

*बॉलीवुड में अक्सर हम देखते हैं कि एक्ट्रेसेस ही नहीं एक्टर भी अपने साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर शॉकिंग बातें शेयर करते हैं। कई स्टार्स ने बचपन में खुद के साथ हुए हैरेसमेंट को लेकर भी खुलासे किए। ऐसे में अब एक जानी मानी एक्ट्रेस ने अपने साथ हुई एक शॉकिंग घटना के बारे में बताया है।*

एक्ट्रेस का कहना है कि फिल्म सेट पर एक फैन से हुई मुलाकात ने उन्हें काफी परेशान कर दिया था। ये कोई और नहीं, बल्कि साउथ इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस काजल अग्रवाल हैं। काजल ने अपने कॅरियर में कई शानदार फिल्में दी हैं। यही नहीं, उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी जबरदस्त है। हाल ही में काजल ने खुद के साथ हुई एक शॉकिंग घटना का जिक्र किया। काजल ने बताया कि एक असिस्टेंट डायरेक्टर बिना उनकी परमीशन के उनके कारवां में घुस आया, जब वह अकेली थीं। इसके बाद वो अपने अपने शरीर पर काजल के नाम का टैटू दिखाने लगा, जिसने एक्ट्रेस को चौंका दिया। हालांकि, उन्होंने इस जेस्चर की तारीफ की, लेकिन उन्होंने कहा कि जिस तरह से यह सब हुआ, वह हद पार करने जैसा था। काजल ने उस घटना को याद करते हुए कहा, 'कुछ दिन पहले, एक फिल्म की शूटिंग पूरी करने के बाद मैं अपने कारवां में आराम कर रही थी। तभी, फिल्म में असिस्टेंट डायरेक्टर के तौर पर काम करने वाला एक व्यक्ति बिना इजाजत लिए अचानक मेरे कारवां में घुस आया। उसने तुरंत अपनी शर्ट उतारी और मुझे अपनी छाती पर बना मेरे नाम का टैटू दिखाया। मैं इस घटना से इतनी हैरान रह गई कि मेरे हाथ-पैर कांपने लगे।'



हॉलीवुड मसाला



# जुमानजी गेम का टूट गया कंट्रोल

**लॉस एंजिल्स।** सोनी ने 'जुमानजी' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त 'जुमानजीः ओपन वर्ल्ड' का जबरदस्त ट्रेलर रिलीज किया है। ट्रेलर में ड्वेन जॉनसन, केविन हार्ट, जैक ब्लैक और कैरेन गिलन की झलक देखने को मिलती है। 3 मिनट 6 सेकंड के ट्रेलर में नजर आ रहा है कि जुमानजी गेम का कंट्रोल टूट गया है। वीडियो गेम के किरदार असली दुनिया में आ गए हैं। जंगल के खतरनाक जानवर खुलेआम सड़कों पर तबाही मचा रहे हैं। गेम के हीरो मिलकर इस खेल को रोकने की कोशिश करते हैं।



# बायोपिक के लिए एक्ट्रेस का जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन...

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड सिनेमा की लोकप्रिय अदाकाराओं के बारे में जिक्र किया जाए को उसमें डकोटा जॉनसन का नाम शामिल होता है। फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे जैसी फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वालीं डकोटा इस वक्त अपनी एक अपकमिंग फिल्म के लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। जो हॉलीवुड की वेटरन एक्ट्रेस और गायिका रहीं मर्लिन मुनरो के जीवन पर आधारित होगी। ये एक शॉर्ट फिल्म होगी, जिससे अब डकोटा जॉनसन का फर्स्ट लुक सामने आ गया है, जिसे देख आप मर्लिन और डकोटा में फर्क नहीं निकाल पाएंगे। हॉलीवुड की लेडी सुपरस्टार डकोटा जॉनसन कितनी कमाल की और मेहनती एक्ट्रेस हैं, उसका अंदाजा आप मर्लिन मुनरो की बायोपिक शॉर्ट फिल्म फ्लैश इम्पेक्ट के फर्स्ट लुक को देखकर आसानी से लगा सकते हैं।



# चकदा एक्सप्रेस रिलीज न हो पाने का अफसोस

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी की बायोपिक 'चकदा एक्सप्रेस' रिलीज नहीं हो सकी है। इसका अभिनेत्री रेणुका शहाणे को अफसोस है। उनका कहना है कि पूरी टीम ने इस फिल्म पर काफी मेहनत की थी और झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज क्रिकेटर की प्रेरणादायक कहानी ऑडियंस तक पहुंचनी चाहिए थी। रेणुका शहाणे ने कहा, 'मुझे दुख है, क्योंकि चकदा एक्सप्रेस बहुत अच्छी बनी है। इसके निर्देशक प्रोसित रॉय ने काफी मेहनत की है। अनुष्का शर्मा समेत पूरी टीम ने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की। पीरियड फिल्म बनाना प्रोडक्शन के स्तर पर काफी चुनौतीपूर्ण और खर्चीला होता है। इसे बहुत बारीकी से तैयार किया गया है।' उन्होंने आगे कहा, 'सबसे अहम बात यह है कि यह झूलन गोस्वामी जैसी उम्दा क्रिकेटर की कहानी है।



# आर्यभट्ट में कभी हार न मनाने का मैसेज

**मुंबई।** रवि किशन, शिल्पा शिंदे और हिमांश कोहली से सजी फिल्म 'आर्यभट्ट का जीरो' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये फिल्म फिर से आपको एक आईएएस बनने की चाह रखने वाले लड़के के पास ले जाएगी। इसकी दमदार कास्ट कहानी में रंग भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। । 'आर्यभट्ट का जीरो' 7 अगस्त, को पूरे भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 2 मिनट 38 सेकंड का यह ट्रेलर एक साधारण लड़के की असाधारण यात्रा की झलक दिखाता है, जो असफलताओं, टूटे सपनों, दिल टूटने, पारिवारिक जिम्मेदारियों और लगातार सामाजिक मजाक से जूझते हुए सम्मान और आत्मसम्मान की तलाश करता है। पिता-बेटे का भावुक रिश्ता, जीवन की सबसे कठिन चुनौतियां और कभी हार न मानने का मैसेज ट्रेलर को खास बनाते हैं।

टीवी मसाला




# तारक मेहता का उल्टा चश्मा को 18 साल पूरे, मनाया गया जश्न

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' सिर्फ एक सीरियल नहीं, बल्कि इमोशन बन चुका है। सीरियल का सफर साल 2008 में आज के ही दिन शुरू हुआ था। 28 जुलाई को इस सीरियल ने 18 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर जश्न भी भव्य मनाया गया। मेकर्स ने इवेंट आयोजित किया। जहां, जेठा लाल यानी दिलीप जोशी, बापू जी (अमित भट्ट) और पोपटलाल (श्याम पाठक) को एक साथ देखा गया। शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हो गई है। आज भी यह पसंदीदा शो बना हुआ है। पूरा परिवार साथ बैठकर इसका लुत्फ उठाता है। सीरियल के 18 साल पूरे होने पर जश्न मनाया गया, जहां सीरियल की कास्ट शामिल हुई। इवेंट में जेठा लाल, पोपटलाल और बापूजी साथ नजर आए। इस दौरान तीनों ने पैप्स को पोज दिए। इस आइकॉनिक सीरियल में बापूजी का किरदार एक्टर अमित भट्ट निभाते हैं। उनकी उम्र 53 वर्ष है। शो में अपने ट्रांसफॉर्मेशन के लिए वे टोपी का सहारा लेते हैं। इसी के जरिए वे अपने काले बाल छिपाते हैं। एक्टर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी बीच अभिनेत्री मुनमुन दत्ता का भी एक वीडियो वायरल हो रहा है। 'तारक मेहता' में मुनमुन को बबीता जी की भूमिका में देखा जाता है। वायरल वीडियो में वे पैपराजी पर नाराज होती दिख रही हैं। सीरियल को 18 साल पूरे होने पर निर्माता असित मोदी ने पोस्ट साझा कर खुशी जताई है। उन्होंने लिखा, '18 साल! यकीन नहीं होता कि आज इस सफर को पूरे 18 साल हो गए।

## ओटीटी पर दिखेगी महाभारत के वीर योद्धा की कहानी

**नई दिल्ली।** महाकाव्य महाभारत सिनेमा जगत का सबसे लोकप्रिय माइथोलॉजिकल जॉनर माना जाता है। बी आर चोपड़ा के महाभारत टीवी सीरियल से लेकर अब तक कई सारे धारावाहिक, फिल्म और सीरीज का निर्माण किया जा चुका है। अब इस मामले में एक और नई सीरीज द लीजेंड ऑफ करण का नाम शामिल हो रहा है, जिसमें महाभारत के वीर योद्धा कर्ण की कहानी को दर्शाया जाएगा। द लीजेंड ऑफ करण की ओटीटी रिलीज की तरफ तो पौराणिक कहानी वाली इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 31 जुलाई 2026 को ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा। महाभारत के सबसे लोकप्रिय और चर्चित पात्र में कर्ण का नाम शामिल होता है। अब उनके व्यक्तिगत जीवन पर आधारित द लीजेंड ऑफ करण का निर्माण किया गया है। इससे पहले आपको अर्जुन और भगवान कृष्ण जैसे महाभारत पात्रों पर सीरीज और टीवी शोज देखने को मिले होंगे। ऐसा पहली बार होगा जब कर्ण पर कोई सोलो सीरीज बन रही है।



# दो पार्ट में बनेगी राका शाहरुख करेंगे स्पेशल कैमियो

**मुंबई।** पुष्पा स्टार अल्लू अर्जुन अब जवान के डायरेक्टर एटली के डायरेक्शन में बन रही साइंस-फिक्शन फिल्म 'राका' से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने की तैयारी में हैं। ये एक बहुत बड़ा प्रोजेक्ट बताया जा रहा है और इसते हाई-एंड वीएफएक्स लिए इंटरनेशनल स्टूडियोज के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। वहीं,अब एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि 'राका' दो पार्ट में बनेगी। शाहरुख खान का फिल्म में स्पेशल अपीयरेंस अभी शूट नहीं हुआ है और इसे विदेश में होने वाले शेड्यूल के दौरान शूट किया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'राका' एक ऐसी कहानी दिखाएगी जो दो अलग-अलग दौर पर आधारित है। पहला हिस्सा आदिवासी पौराणिक वैदिक काल का होगा और दूसरा हिस्सा मौजूदा समय का बताया जा रहा है। जहां मृणाल ठाकुर आधुनिक दौर में लीड रोल में होंगी तो वहीं दीपिका पादुकोण, जाह्नवी कपूर और रश्मिका मंदाना



ऐतिहासिक दौर का हिस्सा होंगी। ये फिल्म 1000 करोड़ से ज्यादा के बजट में बनाई जा रही है। इस प्रोजेक्ट में चेम्बन विनोद जोस, योगी बाबू और फेमिना जॉर्ज भी नज़र आएंगे। विजय सेतुपति भी फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि, मेकर्स ने अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण के अलावा बाकी कास्ट की ऑफिशियली कंफर्मेशन नहीं दी है।

# फिर साथ में काम करने के लिए तैयार शरवरी-वेदांग, इम्तियाज से मिलाया हाथ

*फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में दर्शकों की दिल जीतने के बाद शरवरी वाघ और वेदांग रैना एक बार फिर एक नए प्रोजेक्ट में एक-साथ नजर आने वाले हैं। खबरों की मानें तो इन कलाकार को निर्देशक इम्तियाज अली की अगली रोमांटिक फिल्म में लीड रोल के लिए साइन किया गया है। इसकी शूटिंग नवंबर में शुरू हो सकती है।*

**मुंबई।** लंबे समय तक चली राइटिंग प्रोसेस के बाद बिना नाम वाली फिल्म की पटकथा पूरी हो गई है। इसका मुख्य डेवलपमेंट का काम पूरा हो चुका है। कास्टिंग भी पूरी हो गई है और अब प्रोडक्शन टीम लोकेशन खोजने, शेड्यूल बनाने और दूसरी योजना पर ध्यान देगी। ताकि इस साल के आखिर में शूटिंग शुरू हो सके।

प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि मेकर्स को भरोसा है कि सब कुछ सही चल रहा है। टीम अब प्री-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है और यह पक्का कर रही है कि नवंबर में प्रोडक्शन शुरू होने से पहले सभी क्रिएटिव और टेक्निकल इंतजाम पूरे हो जाएं। इंडस्ट्री के जानकारों का कहना है कि इम्तियाज अली को लगता है कि शरवरी और वेदांग रैना फिल्म के इमोशनल माहौल के लिए एकदम सही हैं। दोनों एक्टर्स ने हाल के कुछ परफॉर्मेंस से अपनी अच्छी पहचान बनाई है।



उनका साथ आना इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खूबियों में से एक होगा।'मैं वापस आऊंगा' में उनकी जोड़ी चर्चा में रही थी। दूसरी बार उनका साथ आना उन दर्शकों के लिए और भी रोमांचक है, जो उन्हें फिर से साथ देखने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। 'मैं वापस आऊंगा' इसी साल 12 जून को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने ठीक-ठाक प्रदर्शन किया है।

## एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज

# अगस्त का महीना होगा धमाकेदार, थिएटर्स में रिलीज होंगी ये दमदार फिल्में

*नई दिल्ली। अगस्त का महीना मूवी लवर्स के लिए बेहद खास होने वाला है। अगस्त में आपको एंटरटेनमेंट का भरपूर डोज मिलेगा। ये महीना भी थिएटर में एक से बढ़कर एक फिल्में रिलीज होने वाली हैं। जुलाई की तरह ही आप इस महीने भी मनोरंजन का पूरा मजा लेने वाले हैं। इस महीने एक दो नहीं बल्कि 12 धमाकेदार फिल्में थिएटर में बवाल मचाएंगी। इसमें आपको एक्शन से लेकर क्राइम, थ्रिलर और रोमांस का फुल डोज मिलने वाला है।*

### प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी

अगस्त की शुरुआत राजकुमार राव की फिल्म 'प्रहार - द उज्ज्वल निकम स्टोरी' से होने वाली है। इस फिल्म को लेकर राजकुमार काफी चर्चा में हैं। ये एक भारतीय कोर्टरूम ड्रामा और बायोग्राफिकल फिल्म है। इस फिल्म को विनाश अरुण धवरे ने निर्देशित किया है। प्रहार में राजकुमार ने पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (सरकारी वकील) उज्ज्वल निकम का किरदार निभाया है। ये मूवी 7 अगस्त का थिएटर में रिलीज होने वाली है।

### डीसी

'डीसी' एक तमिल रोमांटिक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इस मूवी को मशहूर डायरेक्टर अरुण मथेश्वरन ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में लोकेश कनगराज मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म में लोकेश कनगराज देवदास के रूप में और वामिका गब्बी चंद्रा के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।




### जी.डी.एन

आर. माधवन की आगामी बायोपिक फिल्म 'जी.डी.एन' महान भारतीय आविष्कारक और उद्योगपति गोपालस्वामी दोरईस्वामी नायडू (जी.डी. नायडू) के जीवन पर आधारित है, जिन्हें 'भारत का एडिसन' कहा जाता है। यह फिल्म अब 7 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसे हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। मूवी को कृष्ण कुमार रामकुमार ने डायरेक्ट किया है। आर. माधवन के आलवा मूवी में प्रियामणि, सत्यराज, और जयराम अहम भूमिका में हैं।

### थोडक्कम

मलयालम सिनेमा के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल की फिल्म 'थोडक्कम' 7 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन लोकप्रिय निर्देशक जूड एंथनी जोसेफ ने किया है, जो ऑस्कर के लिए नामांकित हुई ब्लॉकबस्टर फिल्म '2018' के निर्देशन के लिए जाने जाते हैं।

### विश्वनाथ एंड संस

विश्वनाथ एंड संस अभिनेता सूर्या की एक आगामी पारिवारिक और रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, जो 14 अगस्त 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकी अटुलुरी ने किया है। मूवी में सूर्या के अलावा मामिता बैजू, राधिका सरथकुमार और रवीना टंडन अहम किरदार में हैं।

### बंटवारा 1947

सनी देओल एक बार फिर से बवाल मचाने के लिए तैयार हैं। सनी की फिल्म 'बंटवारा 1947' 14 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रिलीज होने वाली है। इसी दिन एक और बड़ी फिल्म रिलीज होने वाली है। सनी का सामना इसी दिन इमरान हाशमी की 'आवारापन 2' से होने वाला है। बता दें कि 'बंटवारा 1947' आमिर खान के प्रोडक्शन की फिल्म 'बंटवारा 1947', जो एक देशभक्ति मूवी है। इस फिल्म में सनी देओल, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, करण देओल और अली फजल अहम भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म को राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है।

## खबर संक्षेप

### व्यापारी सेवा समिति प्रत्येक सावन सोमवार को गौ माता के लिए करेगा भंडारा



**राहौद।** धर्म, आस्था और सेवा की भावना को समाज के बीच जीवंत रखने के उद्देश्य से व्यापारी सेवा समिति, राहौद द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन मास में एक सराहनीय एवं अनूठी पहल की जा रही है। समिति द्वारा प्रत्येक सावन सोमवार को गौ माता के लिए विशेष भंडारे का आयोजन किया जाएगा। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और श्रद्धा का पावन पर्व माना जाता है। इसी पवित्र भावना के साथ समिति ने इस बार सावन के प्रत्येक सोमवार को गौ सेवा को समर्पित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर गौ माता को श्रद्धापूर्वक फल, हरी सब्जियां, पूड़ी, खीर, पशु आहार सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजनों एवं पौष्टिक आहार सामग्री का भोग अर्पित किया जाएगा।समिति का मानना है कि गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि जीव सेवा, करुणा और मानवता से जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। इसी सोच के साथ समिति द्वारा लगातार गौ सेवा एवं अन्य जनसेवा के कार्य किए जाते रहे हैं। सावन सोमवार को आयोजित होने वाला यह विशेष भंडारा भी उसी सेवा भावना की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु पूर्णिमा उत्सव आज

**पामगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पामगढ़ द्वारा गुरुपूर्णिमा उत्सव शुक्रवार 31 जुलाई को सदभावना भवन पामगढ़ मे आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में चण्डीपारा पामगढ़ के सभी नए एवं पुराने स्वयं सेवको को सम्मिलित होने का आग्रह मंडल कार्यवाह पामगढ़ द्वारा किया गया है।

### अमित शर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**सक्ती।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय कोटा बिलासपुर के सामाजिक विज्ञान संकाय अंतर्गत



इतिहास विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. महेश कुमार शुक्ला के निर्देशन में अमित शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य 'छत्तीसगढ़ में जैन धर्म का ऐतिहासिक अध्ययन' विषय पर पूरा किया। उन्होंने अपने शोध प्रबंध में छत्तीसगढ़ में जैन धर्म के ऐतिहासिक आयामों को शामिल किया है। अमित शर्मा वर्तमान में जे.एल.एन. डिग्री कॉलेज सक्ती में कार्यरत हैं। उनकी इस शैक्षणिक उपलब्धि और पीएचडी की उपाधि मिलने पर उनके परिवारजनों, महाविद्यालय परिवार तथा मित्रों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### ऑनलाइन अटेंडेंस से वेतन काटने के आदेश का छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने किया विरोध

**चांपा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा ऑनलाइन अटेंडेंस के आधार पर शिक्षकों एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का वेतन आहरित करने संबंधी जारी आदेश का विरोध जताया है। संघ का कहना है कि विभाग द्वारा व्हीएसके (विद्या समीक्षा केंद्र) ऐप की जमीनी हकीकत और उसकी गंभीर तकनीकी खामियों को नजर अंदाज कर यह अव्यावहारिक आदेश थोपा गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष संजय ठाकुर, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, भुवनेश्वर देवांगन प्रांतीय मंत्री, राजेन्द्र जायसवाल संगठन मंत्री, डॉ रविन्द्र द्विवेदी जिलाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण तिवारी प्रधान सचिव ने ऐप की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य के दूरदराज और ग्रामीण अंचलों में नेटवर्क की भारी समस्या बनी रहती है। शाला परिसर में उपस्थित होने के बावजूद ऐप में शाला से दूरी (लोकेशन की गड़बड़ी) दिखाई जाती है। इतना ही नहीं कई बार'चेक इन' की प्रविष्टि करने के बाद भी डेटा दर्ज नहीं होता और शाम को 'चेक आउट' करते समय ऐप पुनः 'चेक इन' दर्ज करने को कहता है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि ऐप में व्याप्त इन गंभीर तकनीकी त्रुटियों के कारण 100 प्रतिशत शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज होना व्यावहारिक रूप से संभव ही नहीं है। ऐसे में ऐप की तकनीकी खामियाजा शिक्षकों को अपने वेतन में कटौती के रूप में भुगतना पड़ेगा, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ ने स्पष्ट किया है कि संघ पूर्व में भी बायोमीट्रिक मशीन के माध्यम से प्रामाणिक उपस्थिति दर्ज कराने की मांग करता रहा है। संघ ने मांग की है कि ऑनलाइन वीएसके ऐप के स्थान पर विद्यालयों में बायोमीट्रिक मशीन से उपस्थिति व्यवस्था लागू की जाए। जब तक बायोमीट्रिक प्रणाली सुचारू रूप से स्थापित नहीं हो जाती, तब तक पूर्ववत शाला की पारंपरिक 'शिक्षक उपस्थिति पंजी' के आधार पर ही पूर्ण वेतन का आहरण सुनिश्चित किया जाए।

## निधन

### धनीराम चंद्रा

**जैजैपुर।** समीपस्थ ग्राम शिकारीनार के प्रतिष्ठित नागरिक धनी राम चंद्रा का गुरुवार 30 जुलाई को



आक्समिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तीधाम में हुआ। मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र सुंदर लाल चन्द्रा ने दी। अंतिम यात्रा में स्वजातीय बंधुओं के अलावा अंचल के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे जैजैपुर अकलसरा सेवा सहकारी समिति के प्रबंधक सोभनाथ चन्द्रा एवं मालीक राम चन्द्रा के पिता थे।

संभागायुक्त ने जिला स्तरीय योजनाओं का किया समीक्षा, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यों पर दिया जोर

# मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का गंभीरता के साथ समय-सीमा में करें निराकरण : जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सक्ती

कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में बिलासपुर संभागायुक्त सुनील जैन ने गुरुवार 30 जुलाई को जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। संभागायुक्त श्री जैन ने जिला अंतर्गत संचालित विभिन्न विभागों मे मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का पूरी गंभीरता से, गुणवत्तापूर्ण और समय-सीमा में तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते संभाग आयुक्त।

समीक्षा बैठक में संभागायुक्त श्री जैन ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए धीमी प्रगति वाले विभागों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए अनावश्यक रूप से प्रकरण लंबित नहीं रखने तथा नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त ने राजस्व न्यायालय के विभिन्न प्रकरणों, ऑटो डायवर्सन, अविवादित नामांतरण, भू-अर्जन, मुआवजा आदि की समीक्षा करते हुए लंबित राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सारे राजस्व रिकॉर्ड दुरुस्त रखने के निर्देश एस डी एम, तहसीलदार सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए। संभागायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा वी बी जी राम जी की प्रगति की समीक्षा करते हुए अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लखपति दीदी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया।उन्होंने शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान स्कूलों में किताब, ड्रेस, सरस्वती सायकल वितरण, पीएम श्री स्कूलों की स्थिति आदि की जानकारी लेते हुए विद्यालयों में अध्ययन अध्यापन कार्य की गुणवत्ता बढ़ाने की बात कही। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों की समीक्षा करते हुए और बेहतर सुधारात्मक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत प्रवेश प्रक्रिया एवं क्रियान्वयन की भी समीक्षा की तथा इसके तहत सभी पात्र छात्र छात्राओं को इसका पुरा लाभ दिलाना सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए। इसी क्रम मे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जल जीवन मिशन के शेष कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान आयुष्मान भारत कार्ड एवं वय वंदना कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाने तथा इस योजना का जमीनी स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयुष्मान भारत योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभ आमजन को दिलाने के लिए संबंधित सीएमओ और सीईओ के सहयोग से सभी विकासखंड में कैंप लगाए जाने के निर्देश दिए। जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को इससे लाभान्वित किया जा सके। इसके साथ ही नगरीय निकायों की समीक्षा में संभागायुक्त ने जल आवर्धन योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति बढ़ाने, सभी शासकीय कार्यालयों और शासकीय आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, उपायुक्त सुश्री स्मृति तिवारी, उपायुक्त श्री चौहान, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, अपर कलेक्टर के.एस. पैंकरा, अपर कलेक्टर बालेश्वर राम, संयुक्त कलेक्टर अरुण कुमार सोम उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री ग्राम सड़क जर्जर ग्रामीणों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों जर्जर अवस्था में पहुंच गई है। लगातार हो रही बारिश के कारण सड़क कई स्थानों से उखड़ चुकी है और बड़े-बड़े गड्ढों में तब्दील हो गई है। इन गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों को दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

- कई बार वाहन फंस रहे गड्ढों में, दुर्घटना की बढ़ी संभावना

देवरी से अमरुवा तक यह सड़क क्षेत्र के अनेक ग्रामीणों के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए भी आवागमन का प्रमुख मार्ग है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग इसी मार्ग से तहसील कार्यालय, स्कूलों और रेल्वे स्टेशन तक पहुंचते हैं। सड़क की खराब स्थिति के कारण विशेष रूप से दोपहिया वाहन और साइकिल सवारों तथा पैदल चलने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उखड़ी हुई गिट्टियां और बड़े बड़े गड्ढों में जलभराव के कारण वाहन चालकों को मुश्किल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो गई है, जिससे आवागमन जोखिम भरा हो गया है। कई बार वाहन चालक गड्ढों में फंस जाते हैं, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना लगातार बनी रहती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग की मरम्मत कराए जाने के बजाय अब नई सड़क का निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन और संबंधित विभाग का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि देवरी से अमरुवा तक नई सड़क का निर्माण कराया जाए। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुरक्षित, सुगम, सुविधा मिल सके।

## गर्मी में होने वाली समस्या को दूर करने किया जा रहा पानी टंकी का निर्माण

**चांपा।** नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 12,13,14 में वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। क्षेत्र में नई पानी टंकी का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। जल विभाग के सभापति महेंद्र तिवारी ने बताया कि बेलदारा पारा घोघरा नाला,चरण नगर में विगत कई वर्षों से पीने के पानी की समस्या बनी हुई है। गर्मी के समय समस्या और भी बढ़ जाती है जिसे देखते हुए 48.50 लाख की लागत से 3 लाख लीटर की पानी टंकी का निर्माण किया जा रहा है जो कि जल्द ही पूर्ण होने वाली है। पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने कहा कि उपरोक्त वार्डो में पानी समस्या को पालिका ने गंभीरता से लेते हुए समस्यां निदान के लिए प्रेम नगर वार्ड ( घोघरा नाला ) में स्थित फिल्टर प्लांट में नवीन पानी टंकी निर्माण की योजना बनाई है जिसके तहत पानी टंकी का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही दोनों फिल्टर प्लांट में नवीन मोटर पंप, टरबाइन मोनोब्लॉक पंप के क्रय की योजना भी जो अति शीघ्र पूर्ण होने वाली है। पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल चंद्रवंशी, कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर, उप अभियंता यज्ञा सिदार , भीष्म प्रधान, पार्षद गण, अपना अपना सहयोग प्रदान कर रहे है इस टंकी के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र से संबंधित वार्डों में पर्याप्त और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी।` गर्मियों में जो पानी की किल्लत होती थी, वह पूरी तरह दूर हो जाएगी। वार्ड के नागरिकों ने कहा कि वर्षों से उन्हें टैंकर और दूर से पानी लाना पड़ता था। टंकी बनने से विशेष कर महिलाओं और वार्ड वासियों को बड़ी राहत मिलेगी।



## यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने सड़क पर उतरी एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण। टेम्पल सिटी शिवरीनारायण धार्मिक नगर होने के साथ ही जिले का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र है। इसके अलावा राज्य सरकार

- सड़क पर इधर उधर सामान व ठेला रख कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों पर होगी सख्त कार्यवाही

की महत्वाकांक्षी परियोजना श्री राम वन गमन पर्यटन परिपथ के मुख्य स्थल होने से यहां व्यापार व धार्मिक आयोजन को लेकर प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग पहुचते हैं। जिसके कारण इस नगर के सभी मार्ग व चौक चौराहों पर अच्छी खासी भीड़ रहती है। नगर के व्यापारी वर्ग व ठेला-गुमटी लगाने वाले सड़को पर ही यत्र-तत्र सामान रख कर व्यवसाय कर रहे हैं। इससे नगर में यातायात प्रभावित होने के साथ ही साथ सड़क किनारे गंदगी भी फैल रही है। इसी तरह नगर में अपनी नीजि वाहन से आने वाले श्रद्धालु , व्यापारी व दुकानों के ग्राहक नगर मे पार्किंग की समुचित व्यवस्था नही होने से वे अपनी वाहनों को सड़क किनारे जहां पाते हैं वहां बेतरतीब खड़ी कर देते है, जिसके कारण दुर्घटनाओं की संभावनाओं सहित ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है और यातायात बाधित होता है। नगर में ट्रैफिक जाम की सबसे बड़ी समस्या बाम्बे मार्केट की है जहां पर व्यापारी वाहनों को खड़ी कर माल को लोड़ अनलोड़ कराते हैं। जिसके कारण आए दिन यहां ट्रैफिक जाम होना सामान्य सी बात है। इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शिवरीनारायण भावना साहू 28 जुलाई की शाम को राजस्व अमले सहित पुलिस व नगर पंचायत केअधिकारी, कर्मचारियों के साथ नगर के मुख्य मार्ग पर स्थित शबरी चौक होते हुए केरा चौंक तक चल कर सड़कों पर सामान रख कर व्यवसाय करने वाले दुकानदारों व ठेला-गुमटी वालों को सड़को से सामान व ठेले- गुमटियां हटाने का निर्देश दिए। साथ ही उन्हें अपने-अपने दुकानों के आसपास स्थल को स्वच्छ रखने और दुकानों पर वाहन से आने वाले ग्राहकों के वाहन को उचित पार्किंग कराने कहा है। उन्होंने इन निर्देशों का पालन नही करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दिया है । मौके पर एसडीएम भावना साहू के साथ तहसीलदार महेन्द्र लहरे, नायब तहसीलदार चन्द्र कुमार साहू, नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी कन्हैया निर्मलकर सहित राजस्व विभाग व नगर पंचायत के कर्मचारी एवं पुलिस बल उपस्थित थे ।


व्यापारियों को निर्देश देती एसडीएम।

## ओवरलोड वाहनों एवं प्रदूषण के खिलाफ भाजयुमो ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अकलतरा

भारतीय जनता युवा मोर्चा, अकलतरा नगर मंडल द्वारा अध्यक्ष आयुष शर्मा के नेतृत्व में थाना प्रभारी अकलतरा को ज्ञापन सौंपकर नगर में ओवरलोड भारी वाहनों, बढ़ते वायु प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि प्रतिदिन कोयला, राखड़, डस्ट एवं अन्य सामग्री से लदे भारी वाहन क्षमता से अधिक भार लेकर तथा बिना तिरपाल एवं बिना हेल्पर के नगर से गुजर रहे हैं, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और आम नागरिकों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। साथ ही तेज गति से संचालित भारी वाहनों के कारण दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। युवा मोर्चा ने मांग की कि ओवरलोड वाहनों की नियमित जांच की जाए, नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त वैधानिक कार्रवाई हो, बिना तिरपाल एवं बिना हेल्पर संचालित वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाए तथा नगर के संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाए।इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष आयुष शर्मा ने कहा कि नगरवासियों की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि प्रशासन द्वारा शीघ्र प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय जनता युवा मोर्चा जनहित में चरणबद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।इस दौरान प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जिला प्रशिक्षण प्रमुख नवीन साहू, महामंत्री संजू सिंह, रवि टेंगनवाल, उपाध्यक्ष फियांशु वैष्णव, कोषाध्यक्ष वेदांत सिंह चौहान, तुषार देवांगन, हर्ष सिंह, संजू साहू, निशांत कौशिक, सुनील तेंदुलकर, आनंद पाटले, बिज्जू यादव, गर्व शर्मा एवं चंद्रेश निर्मलकर उपस्थित रहे।



थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपते भाजयुमो पदाधिकारी।

## किरारी हायर सेकेंडरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ देवकिरारी

शासकीय हायर सेकेंडरी संकुल, देवकिरारी में सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति श्रीमती उर्मिला रविंद्र यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने पात्र छात्राओं को साइकिलें वितरित कर उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती उर्मिला रविंद्र यादव ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना का उद्देश्य दूरदराज़ से आने वाली छात्राओं को आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें विद्यालय आने-जाने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े और उनकी पढ़ाई निरंतर जारी रहे। विद्यालय की प्राचार्य अंजूला सोनी ने छात्राओं को साइकिल वितरण के बाद प्रतिदिन विद्यालय आने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना से छात्राओं की शिक्षा को नई गति मिलेगी और उनकी विद्यालय में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं श्री शशिकांत दीवान ,अरविंद कश्यप, बेहुला शर्मा, अनुरंजिता सिंह, सीता कुर्रे, रजनी पांडेय,रश्मि वारे, योगेश चंद्र मिश्र, गोपेंद्र पटेल, अनुभव तिवारी एवं दीपक भानु उपस्थित रहें।


छात्राओं को साइकिल प्रदान करते अतिथि।

### जैविक खाद के कारोबार से बहेराडीह की पुष्पा बनी लखपति दीदी

## पशु सखी ने पशुपालन को बनाया आजीविका का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बहेराडीह

जिले के जैविक कृषि ग्राम तथा कृषि विज्ञान केंद्र के गोद ग्राम बहेराडीह के पशु सखी पुष्पा यादव ने पशुपालन को आजीविका का जरिया बना लिया हैं। जैविक खाद बनाने के कारोबार को अपनाकर वे आज लखपति दीदी भी बन गईं हैं। लखपति दीदी के रूप में उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित भी किया गया है।

बलौदा ब्लॉक अंतर्गत कुरदा कलस्टर क्षेत्र के ग्राम बहेराडीह के पुष्पा यादव राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जांजगीर में पशु सखी के रूप में ए हेल्प प्रोग्राम के तहत 15 दिवसीय प्रशिक्षण लीं हैं। इससे पहले भी वे सब्जी खेती व नर्सरी प्रबंधन का प्रशिक्षण ले चुकी हैं। प्रशिक्षण उपरांत उन्होंने घर में पशुपालन का कारोबार शुरू किया। शुरुआती तौर पर उन्होंने छत्तीसगढ़ की कौशली गाय की नश्ल की गाय से अपनी कारोबार शुरू किया। अब पशुधन विकास विभाग के सहयोग से कृत्रिम गर्भाधान अपनाकर उसके मिनी गौशाला में तीन गाय और दो बछड़ा है। पशु सखी पुष्पा यादव ने बताया कि वे गाय के दूध से दोगुना लाभ गोबर से लें रहीं हैं। देशी गाय के गोबर से गोबर गैस सायंत्र के माध्यम से ईंधन का उपयोग लें रहीं हैं और गोबर गैस सायंत्र से निकलने वाली स्लरी में उन्नत किस्म की केंचुआ डालकर उससे जैविक खाद बनाकर 15 प्रति क्विंटल की दर से वर्मी कम्पोस्ट खाद बनाकर सप्लाई कर कर रहीं हैं। इसके साथ ही गोबर गैस प्लांट के पास केंचुआ पालन का हेचरी बनाई है। केंचुआ पालन के कारोबार से अच्छी आमदनी हो रहीं है। केंचुआ खाद का उपयोग वे खेती में करके उच्च गुणवत्ता की साग भाजी, फल फूल अनाज प्राप्त कर रही है। जैविक खाद का कारोबार पशु सखी पुष्पा ने अपने खुद के दम पर शुरू किया, जिसे देख कृषि विभाग ने जैविक खाद बनाने के लिये वर्मी टेंक, नाडेप टेंक एवं जैविक पद्धति से सभी उत्पादन हेतू अक्षय चक्र कृषि मॉडल बनाकर दिया।


जैविक खाद बनाती पशु सखी पुष्पा यादव।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
15 सितम्बर, 26 सितम्बर,10 अक्टूबर, 22 अक्टूबर, 2026, 02 मई 2027
राशिः-स्लीपर-18,500/-, 3 एसी- 26,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411